भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

07.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2664 का उत्तर

राज्यों में रेल पुलों का निर्माण

2664. श्री योगेन्द्र चांदोलिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विशेष रूप से राज्यों में रेल पुलों (आरओबी/आरयूबी) के निर्माण के लिए निधियां जारी करती है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान निर्मित आरओबी/आरयूबी की संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आरओबी/आरयूबी के लिए कुल कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है;

(घ) रेल सुरक्षा निधि के अंतर्गत आरओबी/आरयूबी के निर्माण हेतु कुल कितना वित्तपोषण किया गया है; और

(ङ) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान रेल सुरक्षा निधि और अन्य निधि का उपयोग करके दिल्ली में कुल कितने आरओबी/आरयूबी निर्मित किए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों को स्वीकृत करना और निष्पादित करना भारतीय रेल की सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों को रेलगाड़ी

परिचालन में संरक्षा, रेलगाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

वर्ष 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की प्रगति का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-24	11,945 अदद (2.88 गुना)

पिछले 10 वर्षों के दौरान, दिल्ली राज्य में 13 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों का निर्माण किया गया। वर्तमान में, दिल्ली राज्य में कुल 15 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल स्वीकृत किए गए हैं, जो योजना निर्माण और निष्पादन के विभिन्न चरणों में है।

भारतीय रेल पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण-कार्यों के निष्पादन के लिए निधि का प्रावधान योजना शीर्ष 30-सड़क संरक्षा कार्य के अंतर्गत किया जाता है।

वर्ष 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान ऊपरी/निचले सड़क पुलों पर किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	ऊपरी/निचले सड़क पुलों पर व्यय
2004-14	5,726 करोड़ रुपये
2014-24	36,699 करोड़ रुपये (6 गुना से अधिक)

2024-25 के दौरान भारतीय रेल पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के लिए कुल 9275 करोड़ रुपये की निधि आबंटित की गई है।

*****